अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2016
## (प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'पटेल एक्ट' सम्बन्धित है- **(1)**

(A) निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के विरोध से
(B) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा पर बने कानून से
(C) प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक व परिमाणात्मक वृद्धि से
(D) पूर्व प्राथमिक शिक्षा से

**2.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसार मार्गदर्शक सिद्धान्त में निहित है- **(1)**

(A) पाठ्यचर्या का संवर्धन पाठ्यपुस्तक पर केन्द्रित करना ।
(B) पाठ्यक्रम के कुछ उपविषयों को रटन्त प्रणाली से मुक्त करना
(C) विद्यालय में प्राप्त ज्ञान को बाहरी दुनिया से जोड़ना
(D) कक्षा की गतिविधियों को परीक्षा में कम महत्व देना ।

**3.** 'गोखले विधेयक' प्रस्तुत किया गया था- **(1)**

(A) 16 मार्च 1910
(B) 20 मार्च 1911
(C) 16 मार्च 1911
(D) 20 अप्रैल 1910

**4.** हण्टर कमीशन के समक्ष प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य व निःशुल्क करने का प्रस्ताव रखा- **(1)**

(A) दादा भाई नौरोजी ने
(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने
(C) महात्मा गाँधी ने
(D) जवाहर लाल नेहरू ने

**5.** प्राच्य - पाश्चात्य विवाद का जन्म हुआ- **(1)**

(A) हण्टर आयोग से
(B) 1813 के आज्ञापत्र से
(C) मैकाले के वितरण पत्र से
(D) वुड के आदेश पत्र से

**6.** शिक्षा आयोग 1964-66 के अध्यक्ष थे- **(1)**

(A) डॉ ए लक्ष्मणस्वामी मुदालियर
(B) श्री एम. टी. व्यास
(C) श्री डी. एस कोठारी
(D) डॉ ताराचन्द

**7.** 'राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना' संचालित की गई- **(1)**

(A) आठवीं पंचवर्षीय योजना में
(B) नवीं पंचवर्षीय योजना में
(C) दसवीं पंचवर्षीय योजना में
(D) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में

**8.** उ.प्र. के समस्त जिलों में स्कूल चलो अभियान- **(1)**

(A) वर्ष 2001 से
(B) वर्ष 2002 से
(C) वर्ष 2003 से
(D) वर्ष 2004 से

**9.** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की स्थापना के बाद सर्वप्रथम सम्पूर्ण साक्षरता अभियान की घोषणा की गई- **(1)**

(A) केरल राज्य में
(B) मध्य-प्रदेश में
(C) राजस्थान में
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** पूर्व प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धित है- **(1)**

(A) 0 से 8 वर्ष तक के बच्चों के लिए
(B) 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए
(C) 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए
(D) 6 से 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए

**11.** यशपाल समिति का गठन किया गया- **(1)**

(A) वर्ष 1990 में
(B) वर्ष 1991 में
(C) वर्ष 1992 में
(D) वर्ष 1993 में

**12.** बुनियादी शिक्षा से सम्बन्धित नहीं हैं- **(1)**

(A) महात्मा गाँधी
(B) जाकिर हुसैन
(C) बी.जी. खेर
(D) एस.के. सिन्हा

**13.** पोषाहार वितरण योजना का उद्देश्य नहीं है- **(1)**

(A) बच्चों का विद्यालय में ठहराव तथा वृद्धि करना
(B) बच्चों को स्वस्थ एवं पुष्ट बनाना
(C) शिक्षा में अपव्यय तथा अवरोधन को कम करना
(D) कुपोषण की समस्या को दूर करना ।

**14.** शिमला शिक्षा सम्मेलन (1901) का आयोजन किया गया था- **(1)**

(A) लॉर्ड आकलैण्ड द्वारा
(B) लार्ड रिपन द्वारा
(C) लॉर्ड कर्जन द्वारा
(D) लार्ड विलियम बैंटिक द्वारा

**15.** शिक्षा को समवर्ती सूची में स्थान दिया गया- **(1)**

(A) 1970 ई. में
(B) 1975 ई. में
(C) 1976 ई. में
(D) 1980 ई. में

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** 'कलकत्ता मदरसा' एवं 'बनारस संस्कृत' कॉलेज की स्थापना किस उद्देश्य से की गई थी ? **(1)**

**17.** मैकाले की शिक्षानीति दोषपूर्ण होने के बावजूद इसका तत्कालीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर क्या दूरगामी प्रभाव पड़ा ? **(1)**

**18.** प्राथमिक शिक्षा के विस्तार के सम्बन्ध में चार्ल्स वुड की सिफारिशों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**19.** प्राथमिक शिक्षा के सन्दर्भ में 'अपव्यय' व 'अवरोधन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(1)**

**20.** पी-मोस्ट कार्यक्रम का पूरा नाम लिखिए। **(1)**

**21.** एस.ओ.पी.टी किस स्तर के अध्यापकों हेतु संचालित की गई ? **(1)**

**22.** उ.प्र बेसिक शिक्षा परियोजना मूलतः किन-किन कार्यों से सम्बन्धित है ? संक्षेप में लिखिए। **(1)**

**23.** विद्यालयोन्मुखी कार्यक्रम से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**24.** पूर्व प्राथमिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत शिशुओं के सर्वांगीण विकास हेतु कौन-कौन से क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है ? **(1)**

**25.** 'सर्व शिक्षा अभियान' के सफल क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाए चलायी जा रही हैं? **(1)**

**26.** कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों की मॉनीटरिंग का क्या प्रावधान है? **(1)**

**27.** भारत में निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की उन्नति के मार्ग में मुख्य कठिनाई क्या हैं? **(1)**

**28.** जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की रणनीतियों के विषय में संक्षेप में लिखिए। **(1)**

**29.** 'सम्पूर्ण साक्षरता अभियान' की किन्ही तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**30.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में 'प्रारम्भिक शिक्षा' से क्या आशय है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** हमारे देश में 'राष्ट्रीय बालश्रम परियोजना' की आवश्यकता क्यों महसूस की गई ? **(2)**

**32.** 'न्यूनतम् अधिगम स्तर' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। यह प्राथमिक स्तर की शिक्षा की गुणवत्ता के लिए किस प्रकार सहायक है? **(2)**

**33.** 'शिक्षा बिना बोझ' के इस सन्दर्भ में यशपाल समिति के मुख्य सुझाव क्या थे? **(2)**

**34.** "केन्द्रीय दस्तकारी के द्वारा सम्पूर्ण शिक्षा नहीं दी जा सकती है।" इस कथन के आधार पर बुनियादी शिक्षा की समीक्षा कीजिए। **(2)**

**35.** सन् 1813 के आज्ञापत्र ने भारतीय शिक्षा के इतिहास को किस प्रकार एक नई दिशा प्रदान की ? **(2)**

**36.** 'निस्पन्दन सिद्वान्त' क्या है? **(2)**

**37.** 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986' के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन हेतु दिए गए सुझाव लिखिए। **(2)**

**38.** 'पूर्व-प्राथमिक शिक्षा' की मुख्य समस्याएँ क्या हैं ? **(2)**

**39.** शिक्षा का सार्वभौमीकरण से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/2016

2. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

3. प्रारम्भिक शिक्षा के नवीन प्रयास के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/prarambhik-shiksha-ke-navin-prayas/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN